# प्रत्यय अमृत: बिहार के नए मुख्य सचिव

## चर्चा में क्यों?

वर्ष 1991 बैच के बिहार कैडर के **IAS अधिकारी प्रत्यय अमृत** को बिहार का नया मुख्य सचिव नियुक्त किया गया है। वे अमृत लाल मीणा का स्थान लेंगे, जो 31 अगस्त 2025 को सेवानिवृत्त होंगे।

- प्रत्यय अमृत 1 सितंबर 2025 को आधिकारिक रूप से कार्यभार ग्रहण करेंगे।

## मुख्य बिंदु

- **प्रत्यय अमृत के बारे में:**
  - प्रत्यय अमृत, वर्तमान में बिहार के विकास आयुक्त के रूप में कार्यरत हैं, जिन्हें अब मुख्य सचिव की ज़िम्मेदारी सौंपी गई है।
  - इसके अतिरिक्त वे स्वास्थ्य और आपदा प्रबंधन विभागों के अपर मुख्य सचिव का अतिरिक्त प्रभार भी संभाल रहे हैं।
  - वर्ष 2011 में लोक सेवा में उनके उल्लेखनीय योगदान के लिये उन्हें प्रधानमंत्री उत्कृष्टता पुरस्कार से सम्मानित किया गया था।
- **मुख्य सचिव कार्यालय**
  - भारत में मुख्य सचिव का कार्यालय वर्ष 1799 में ब्रिटिश शासन के दौरान लॉर्ड वेलेज़ली के अधीन अस्तित्व में आया और तब से यह **राज्य प्रशासन** का **अभिन्न अंग** बना हुआ है।
  - **मुख्य सचिव**, राज्य में कार्यरत **सर्वोच्च रैंक का प्रशासनिक अधिकारी** होता है, जो **राज्य सचिवालय** का नेतृत्व करता है तथा राज्य सरकार के विभिन्न कार्यों के समन्वय की ज़िम्मेदारी निभाता है।
  - **नियुक्ति और स्थिति**: मुख्य सचिव की नियुक्ति मुख्यमंत्री (**राज्यपाल** के नाम पर) द्वारा वरिष्ठ IAS अधिकारियों में से वरिष्ठता, योग्यता और विश्वास जैसे कारकों के आधार पर की जाती है।
  - वर्ष 1973 में इस कार्यालय को **भारत सरकार के सचिव** के पद के **समतुल्य** मानकीकृत किया गया।
- **शक्तियाँ और कार्य**:
  - राज्य प्रशासन के मामलों पर **प्रमुख सलाहकार** के रूप में कार्य करता है और नीतिगत मुद्दों पर मार्गदर्शन प्रदान करता है।
  - **कैबिनेट बैठक** का **एजेंडा तैयार** करता है, **कार्यवाही रिकॉर्ड** करता है और **निर्णयों के कार्यान्वयन** की निगरानी करता है।
  - राज्य सिविल सेवा में **नियुक्तियों**, **स्थानांतरणों** और **पदोन्नति** की देखरेख करता है तथा सिविल सेवकों का मनोबल बनाए रखता है।

PDF Refernece URL: https://www.drishtiias.com/hindi/printpdf/pratyaya-amrit-new-chief-secretary-of-bihar